**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 18.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री मोदी को मिला स्वीडन का सर्वोच्च सम्मान, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा का बताया प्रतीक, कहा. देशवासियों के लिए गर्व का विषय, ।**

2. **कृशि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा– किसानों को समय पर खाद–बीज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी, रांची में प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित।**

3. **खूंटी में पुल निर्माण साइट पर फायरिंग और लूट की घटना, मजदूरों के साहस से बाइक छोड़ अपराधी फरार, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी।**

4. **गुमला , लोहरदगा समेत कई जिलों में अगले कुछ घंटों में मेघगर्जन तथा वज्रपात के साथ वर्शा की संभावना, रांची समेत कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी।**

5. **और चेन्नई में आईपीएल क्रिकेट में आज शाम साढे सात बजे चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद होंगे आमने–सामने ।**

************************

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्वीडन द्वारा "रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार, कमांडर ग्रैंड क्रॉस" सम्मान से सम्मानित किया जाना प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व और गौरव का विषय है। यह सम्मान न केवल प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और वैश्विक स्तर पर उनके प्रभावशाली व्यक्तित्व का प्रतीक है, बल्कि विश्व मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा और सशक्त उपस्थिति को भी दर्शाता है।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री संजय सेठ ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि प्रधानमंत्री को प्राप्त यह 31वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान देशवासियों के लिए प्रेरणादायी है।

************************

केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने शहरवासियों की सुविधा के लिए रांची के 5 प्रमुख चौराहों पर वाटरप्रूफ ट्रैफिक शेड लगाने की योजना बनाई है। पहले चरण में अरगोड़ा चौक, सरना चौक, सहजानंद चौक, लालपुर चौक और करमटोली चौक पर आधुनिक डिजाइन के मजबूत स्टील फ्रेम और वाटरप्रूफ सामग्री से बने शेड लगाए जाएंगे। प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही इस योजना पर काम शुरू होगा और सफलता के बाद इसे शहर के अन्य व्यस्त चौराहों पर भी विस्तार किया जाएगा।

************************

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची के बेड़ो में किसान सम्मान समारोह में कहा कि किसानों को समय पर खाद–बीज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने के लिए लगातार काम कर रही है और ट्रैक्टर, कृषि यंत्र, स्प्रेयर समेत अन्य उपकरण अनुदान पर दिए जा रहे हैं। मौके पर मंत्री ने मत्स्य पालन और केज फार्मिंग को बढ़ावा देने के साथ–साथ ग्रामीण बाजारों को सशक्त बनाने और कोल्ड स्टोरेज निर्माण की बात भी कही। कम वर्षा की संभावना को देखते हुए उन्होंने किसानों से धान के साथ–साथ मोटे अनाज और कम पानी वाली फसलों की खेती पर ध्यान देने की अपील की।

************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 27 अप्रैल 2026 को मंजूर की गई झारखंड अनधिकृत रूप से निर्मित भवन नियमितीकरण नियम, 2026 को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आम जनता के लिए काफी लाभकारी बताया है। धनबाद में संवाददाताओं से बातचीत मे उन्होंने कहा कि वर्षों से लोग भवन नियमितीकरण की समस्या से परेशान थे, जिसे राज्य सरकार ने दूर करने का प्रयास किया है।

************************

रांची जिला प्रशासन ने संवेदनशील कार्रवाई करते हुए 85 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक राधेश्याम नाथ को 24 घंटे के भीतर सर्वजन पेंशन योजना और आयुष्मान कार्ड का लाभ उपलब्ध कराया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर समाहरणालय की टीम ने बुजुर्ग के घर जाकर पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड सौंपा, जिससे उन्हें स्वास्थ्य और आर्थिक सहायता तुरंत मिल सके। लाभ मिलने पर राधेश्याम नाथ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जिला प्रशासन का आभार जताया।

************************

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया में चल रही उस पोस्ट को खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया है कि भारत के पास केवल दो दिन का तेल भंडारण बचा है। पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी की फैक्ट चैक यूनिट ने कहा है कि यह दावा फर्जी है। भारत के पास साठ दिन का कच्चे तेल का भंडारण मौजूद है।

************************

खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल साइट पर फायरिंग और लूट की घटना सामने आयी है। पुलिस ने मौके से अपराधियों द्वारा छोड़ी गई बाइक बरामद की है आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। जानकारी के अनुसार एक बाइक से पहुंचे तीन अपराधियों ने मजदूरों के साथ मारपीट कर करीब एक दर्जन मोबाइल फोन लूट लिए और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग की। इस

बीच मजदूरों का विरोध देख बदमाश घबरा कर अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए।   पुलिस का दावा है कि मामले में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा

************************

चतरा जिले में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाते हुए गिद्धौर थाना क्षेत्र से एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसपी  अनिमेष नैथानी ने बताया कि उसके पास से करीब चार किलो अफीम बरामद हुई

************************

साहिबगंज जिले मे 300 चोरी या गुम मोबाइल को उनके मालिकों को सौंपा गया । सिदो कान्हु सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को पौधा देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने कहा कि मोबाइल चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के साथ–साथ इस तरह की घटनाओं में शामिल युवाओं को रोजगार से जोड़ने की भी पहल की जाएगी.

************************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज लगभग आधा प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 321 अंक गिरकर 74 हजार 917 जबकि निफ्टी 113 अंक लुढ़क  कर 23 हजार 530 पर था।

************************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 46 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 74 हजार रूपये प्रति किलो है।

************************

मौसम विभाग ने अगले एक से तीन घंटे में गुमला और लोहरदगा जिलों के कुछ भागों में मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन तथा वज्रपात के साथ वर्षा होने की तत्कालीक चेतावनी जारी की है। रांची , सिमडेगा समेत कई जिलों के लिए ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया है

************************

चेन्नई में आईपीएल क्रिकेट में आज शाम साढे सात बजे चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद आमने–सामने होंगे।   अंक तालिका में हैदराबाद तीसरे और चेन्नई छठे स्थान पर है।

*********समाप्त***************